दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 06 अक्टूबर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 10

## नॉर्थ ईस्ट हैंडलूम और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शाह ने किया उद्घाटन

**आइजोल (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मिजोरम के आइजोल में नॉर्थ ईस्ट हैंडलूम और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर बोलते हुए उनका कहना था कि उग्रवाद और अलगाववाद से प्रभावित होने के बाद आज मिज़ोरम शांति और बंधुत्व के प्रतीक के रूप में खड़ा है और पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया। उन्होंने भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक में जाने की खुशी जताई और



इस क्षेत्र को भारतीय लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधि बताया।

उन्होंने कहा कि यह नॉर्थ ईस्ट में आयोजित की जाने वाली पहली हथकरघा और हस्तशिल्प प्रदर्शनी है। उन्होंने कहा कि हथकरघा उत्तर पूर्व में रोजगार के बड़े अवसर पैदा करने की क्षमता रखता है और लोगों के विकास और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए वन उपज और अन्य कच्चे माल की उपलब्धता से समृद्ध है। हस्तशिल्प में कुशल लोगों की उपस्थिति की पारंपरिक संस्कृति के साथ इसे जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प उत्तर पूर्व के विकास में एक अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

शाह ने कहा कि 2014 में बनी पहली मोदी सरकार के दौरान बांस को उन पेड़ों की सूची से बाहर ले जाया गया था जो पर्यावरण के दृष्टिकोण से कटाई के लिए निषिद्ध थे। इस निर्णय के साथ, सरकार द्वारा हस्तशिल्प क्षेत्र को सुविधाजनक बनाने के लिए बांस की उपलब्धता बढ़ाई गई है।

उन्होंने कहा कि इससे नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र को सबसे ज्यादा फायदा होगा। शाह ने उत्तर पूर्व को समृद्ध बनाने के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उठाए गए कदमों के बारे में बात करते हुए कहा कि पीएम ने दिन और रात पूरे उत्तर पूर्व को शांति और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ाने के लिए काम किया है। पिछले 5 वर्षों में मिजोरम में कई विकासात्मक परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिसमें 60 मेगावाट ट्यूरियल पनबिजली परियोजना शामिल है।

## अनंतनाग में डीसी ऑफिस पर आतंकी हमला, कम से कम 10 लोग घायल

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमले की खबर है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां बाइकसवार नकाबपोश हमलावरों ने डिप्टी कमिश्नर के ऑफिस पर ग्रेनेड से हमला किया, जिसमें कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं. घायलों में एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी और एक पत्रकार भी शामिल हैं.



हमले के बाद बाइकसवार आतंकी मौके से फरार हो गए. सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है और आतंकियों की धरपकड़ के लिए जगह-जगह तलाशी ले रही है. पुलिस के अधिकारी ने बताया कि अनंतनाग में कड़ी सुरक्षा वाले परिसर के बाहर सुरक्षा गश्ती दल पर सुबह करीब 11 बजे ग्रेनेड फेंका गया. उन्होंने बताया कि ग्रेनेड का निशाना चूक जाने के कारण वह सड़क के पास ही फट गया, जिससे वहां गुजर रहे 10 लोग घायल हो गए. घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है. हमले के बाद इलाके में तनाव उत्पन्न हो गया है. अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर हमले में शामिल आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है.

## एनएसए अजित डोभाल के बाद अब प्रधानमंत्री मोदी जाएंगे सऊदी अरब

### » क्राउन प्रिंस सलमान से कई बड़े मुद्दों पर होगी चर्चा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान पीएम राजधानी रियाद में खाड़ी राष्ट्र द्वारा आयोजित एक निवेश शिखर सम्मेलन में भाग लेने की भी उम्मीद है। लेकिन पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ये निवेश सम्मेलन 29 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। अपने दौरे पर पीएम मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ मुलाकात भी करेंगे। दोनों के बीच निवेश, आर्थिक संबंध के बारे में चर्चा होगी। पीएम मोदी सऊदी अरब के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों पर भी बात करेंगे।



इस खाड़ी देश में पीएम मोदी यह दूसरी यात्रा होगी। उन्होंने आखिरी बार 2016 में रियाद का दौरा किया था, जिसके दौरान उन्हें अब्दुल अजीज सऊद के नाम पर देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। बता दें कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल 2 अक्टूबर को सऊदी अरब के दौरे पर थे। माना जा रहा है कि अजीत डोभाल का ये दौरा पीएम के सऊदी अरब दौरे का ग्राउंड तैयार करने के लिए था।

## कुशल, निष्पक्ष एवं प्रशासन व्यवस्था राष्ट्र-निर्माण का प्रमुख

### » भारतीय कंपनी सचिव संस्थान का 51वें स्थापना दिवस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को नई दिल्ली में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के 51वें स्थापना दिवस पर बधाई दी और कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के दिनों में हमने देखा है कि कैसे कुछ व्यावसायिक उद्यमों ने लोगों का भरोसा तोड़ा है। कंपनियां या तो लड़खड़ा गई हैं या उनमें ठहराव



पर आ गई है। इस प्रक्रिया में आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कंपनी सचिव एक प्रशासन पेशेवर और एक आंतरिक व्यापार भागीदार की भूमिका निभाते हैं। उन्हें एक जिम्मेदार कारोबार को बढ़ावा देना चाहिए और बड़े सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों के साथ आर्थिक उद्देश्यों को संतुलित करना चाहिए। उन्हें यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी हितधारक मुनाफा और मुनाफाखोरी के बीच अंतर को समझ सकें और कानून का अनुपालन करें। उन्हें उन मुद्दों पर अवश्य विचार-विमर्श करना चाहिए जहां हमें सुधार की आवश्यकता है ताकि अतीत की गलतियों या सीमाओं से निपटा जा सके।

राष्ट्रपति ने कहा कि कंपनी प्रशासन की अवधारणा जटिल है लेकिन जिन सिद्धांतों पर यह आधारित है वे बिलकुल स्पष्ट हैं। पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी और निष्पक्षता इसके चार स्तंभ हैं। कंपनी सचिवों को जिम्मेदारीपूर्वक यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन सिद्धांतों को व्यवहार में कैसे लाया जाए। भारत ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश के एक प्रमुख केन्द्र के रूप अपने ब्रांड मूल्य को बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा तैयार की है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि कंपनी कानूनों को पारदर्शी तरीके से किस प्रकार लागू किस्स जाएगा ।

राष्ट्रपति ने कहा कि एक कुशल, निष्पक्ष एवं उपयुक्त कंपनी प्रशासन व्यवस्था हमारे राष्ट्र निर्माण का एक प्रमुख घटक है। इसे पूरा करने के लिए कंपनी सचिवों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## युद्ध में हताहत सैनिकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता में चार गुना वृद्धिः राजनाथ

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैटल कैजुअल्टी (बीसी) की सभी श्रेणियों के लिए परिजनों को आर्थिक सहायता में वृद्धि करते हुए इसे दो लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह राशि सेना युद्ध हताहत कल्याण कोष (एबीसीडब्ल्यूएफ) के तहत दी जाएगी।

इससे पहले, बैटल कैजुअल्टी में 60 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता के लिए 2 लाख रुपये और 60 प्रतिशत से कम दिव्यांगता के लिए 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान था। यह उदारीकृत पारिवारिक पेंशन, सेना समूह बीमा, सैन्य कल्याण कोष और अनुग्रह राशि से मिलने वाली वित्तीय सहायता के अतिरिक्त था।



फरवरी 2016 में, सियाचिन में हुई हिमस्खलन की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना जिसमें 10 सैनिकों के बर्फ में दब जाने के बाद बैटल कैजुअल्टी के तहत उनके परिवारों को बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करने की पेशकश के बाद, रक्षा मंत्रालय ने भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग (ईएसडब्ल्यू) के तहत एबीसीडब्ल्यूएफ का गठन किया था। एबीसीडब्ल्यूएफ का गठन जुलाई 2017 में किया गया था और इसे अप्रैल 2016 में पूर्वव्यापी रूप से लागू कर दिया गया।

इस कोष का गठन चैरिटेबल एंडॉवमेंट्स एक्ट, 1890 के तहत किया गया था। इसके अंतर्गत लोगों के द्वारा धन जमा करने के लिए नई दिल्ली में सिंडिकेट बैंक की साउथ ब्लॉक शाखा में 90552010165915 नंबर से एक बैंक खाता खोला गया था।

यह कोष बैटल कैजुअल्टी के तहत बच्चों और परिजनों को मिलने वाली अतिरिक्त अनुग्रह राशि के लिए विभिन्न वर्तमान कल्याण योजनाओं से इतर है।

उपर्युक्त सहायता के अलावा, विभिन्न रैंकों के लिए 25 लाख रुपये से 45 लाख रुपये तक की अनुग्रह राशि सहित मौद्रिक अनुदान (केंद्रीय) और सेना समूह बीमा के लिए 40 लाख रुपये से लेकर 75 लाख रुपये तक का मौद्रिक अनुदान पहले से मौजूद है।

## गिरिराज ने किया नीतीश पर तीखा वार, कहा- ताली सरदार को, तो गाली भी सरदार को

**पटना/दरभंगा (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने पटना में बारिश के कारण हुए जलजमाव को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि ताली सरदार को, तो गाली भी सरदार को। गिरिराज से यह पूछे जाने पर कि पटना में जलजमाव के लिए कौन जिम्मेदार है, उन्होंने कहा कि अगर गंगा नदी की बाढ से यह शहर डूबा होता तो कोई बात होती, कहीं न कहीं कुव्यवस्था के कारण ऐसा हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि ताली सरदार को, तो गाली भी सरदार को। यह पूछे जाने पर कि क्या उनका निशाना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर है तो गिरिराज ने कहा, ''जिस पर भी हो, वह आप बेहतर तौर पर जानते हैं। मैं तो इतना ही जानता हूं कि ताली सरदार को तो गाली' भी सरदार को। इससे पूर्व दरभंगा के लहेरियासराय थाना अंतर्गत गोविंदपुर मुहल्ले में मां दुर्गा की आरती में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए गिरिराज ने कहा, ''पटना में बारिश के पानी के कारण बाढ की विभीषिका से लोगों को जो पीड़ा हुई उसके लिए सरकार में शामिल हम सभी लोग (राजग) जिम्मेदार हैं।''

## मुंबई में 800 पेड़ों की कटाई को लेकर हुआ प्रदर्शन, लाठीचार्ज के बाद लगी धारा 144

**मुंबई(आरएनएस)।** मुंबई पुलिस ने आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई को लेकर हुए प्रदर्शनों के बीच शनिवार सुबह पूरी कॉलोनी और उसके आसपास के इलाकों में धारा 144 लागू कर दी। उच्च न्यायालय ने उत्तरी मुम्बई में हरित क्षेत्र आरे कॉलोनी में पार्किंग बनाने के लिये पेड़ों की कटाई का विरोध करने वाले पर्यावरण कार्यकर्ताओं की याचिकाएं खारिज कर दी थीं, जिसके बाद मुंबई मेट्रो रेल निगम लिमिटेड ने शुक्रवार देर रात पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। एक कार्यकर्ता ने कहा, इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। किसी को भी आरे कॉलोनी में प्रवेश की अनुमति नहीं है। उच्च न्यायलय ने उत्तरी मुम्बई के हरित क्षेत्र में पार्किंग बनाने के लिये पेड़ों की कटाई के



खिलाफ दायर चार याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद मुम्बई मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने शुक्रवार देर रात पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। एमएमआरसीएल द्वारा पेड़ों की कटाई शुरू करते ही सैकड़ों पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर उन्हें रोकने की कोशिश की। मुम्बई पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, '' हमने आरे कॉलोनी, गोरेगांव नाके और उसके आसपास के इलाकों में सीआरपीसी की धारा 144 लगा दी है।''

## पुलिस व्यवस्था और थानों को लोगों के अनुकूल बनाएंः नायडू

### » स्मार्ट पुलिसिंग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी उद्घाटित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने शनिवार को पुलिस व्यवस्था को लोगों पर केंद्रित बनाने और थानों को लोगों के अनुकूल एवं सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

नायडू ने इंडियन पुलिस फाउंडेशन, नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस और ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआर एंड डी) द्वारा संयुक्त रूप से स्मार्ट पुलिस व्यवस्था पर आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए



पुलिस बलों में आंतरिक सुधार करने का सुझाव दिया। उन्होंने थानों में माहौल को बेहतर करने पर भी जोर दिया ताकि उन्हें शिकायत दर्ज करने के लिहाज से अनुकूल बनाया जा सकें।

उन्होंने कहा कि थाने लोगों के लिए संपर्क करने का पहला स्थान है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को यह विश्वास होना चाहिए कि पुलिस कर्मी उसकी शिकायत का निवारण करने में समर्थ हैं। आप इस बात से सहमत होंगे कि वर्तमान में शिकायत कर्ता इस गलतफहमी के साथ थाने में प्रवेश करता है कि क्या उसकी रिपोर्ट दर्ज की जाएगी या उसके साथ कैसा व्यवहार किया जाएगा।

उन्होंने उन्हें अपराध के आंकड़ों में वृद्धि को लेकर परेशान होने के बजाय मामलों को तेजी से निपटाने के लिए कुशल एवं वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हरेक शिकायत को अवश्य पंजीकृत किया जाना चाहिए और उस संबंध में पूछताछ की जानी चाहिए।

नायडू ने कहा, हम थानों को लोगों के अनुकूल बनाने के लिए कई सालों से बात कर रहे हैं। दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा है। जब तक वरिष्ठ अधिकारी थानों में माहौल सुधारने का बीड़ा नहीं उठाएंगे तब तक स्थिति नहीं बदल सकती हैं।

आतंकवाद, माओवाद और उग्रवाद जैसी समस्याओं के संदर्भ में नायडू ने कहा कि बुलेट के मुकाबले बैलेट अधिक दमदार होता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। देश की रक्षा और सुरक्षा को लेकर कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की क्षमता को बेहतर करने के उपाय शुरू करने पर जोर दिया ताकि उभरती चुनौतियों से प्रभावी तौर पर निपटा जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रेरित एवं प्रतिबद्ध पुलिस द्वारा सुनिश्चित की गई कानून व्यवस्था देश के सतत आर्थिक विकास के लिए आवश्यक नींव रखेगी।

साइबर युग में पैदा हुई चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए देश भर में पुलिस बलों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### केजरीवाल को धमकी और अपमानजनक मेल भेजने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धमकी देने और अपमानजनक मेल भेजने वाले को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी शख्स को राजस्थान से गिरफ्तार किया है. पुलिस उससे पूछताछ कर रही है. बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब सीएम केजरीवाल को धमकी मिली है. इससे पहले बीते अगस्त महीने में मुंबई के एक नोट बॉय को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को धमकी भरे मेल भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

### हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 से ठीक पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर ने नाराज होकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर बांटे जा रहे टिकटों की खरीद-बिक्री का आरोप लगाया है. बता दें कि अशोक तंवर की काफी दिनों से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से तनातनी चल रही थी. हाल में अशोक तंवर से प्रदेश की कमान छीनकर कुमारी शैलजा को दी गई है. इसके विरोध में उन्होंने पार्टी में मिले सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था और बीते दिन ही उन्हें स्टार प्रचारक घोषित किया गया था, लेकिन शनिवार को बड़ा फैसला लेते हुए तंवर ने पार्टी ही छोड़ दी. हरियाणा में विधानसभा चुनाव के अशोक तंवर का इस्तीफा कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है.

### करतारपुर गलियारा परियोजना जल्दी पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है भारत : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** करतारपुर गलियारा परियोजना को जल्दी पूरा करने के लिए भारत प्रतिबद्ध है और उसने पाकिस्तान से शुल्क लेने के संबंध में 'लचीलापन' दिखाने का भी अनुरोध किया है क्योंकि तीर्थयात्रियों के लिए यह भावनात्मक मुद्दा है। एक प्रश्न के उत्तर में शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि भारत को आशा है कि उसकी ओर की ढांचागत परियोजना तय समय में पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा, ''चार लेन का राजमार्ग बनकर तैयार है और आधुनिक यात्री टर्मिनल अक्टूबर के अंत तक तैयार हो जाएगा।'' कुमार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ एक समझौता साझा किया है लेकिन उसे अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

### इराक में हुई हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा 65 पहुंचा

**बगदाद।** इराक में सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हो गई है। स्थानीय चैनल ने इसकी जानकारी दी। इराक मानव अधिकार संगठन के प्रमुख मुस्तफा सादुन ने कहा कि हिंसा में मरने वालों की संख्या 50 के पार पहुंच गयी है जबकि घायलों की संख्या 1936 हो गयी है। उल्लेखनीय है कि इराक में बगदाद तथा विभिन्न शहरों में गत मंगलवार से आर्थिक सुधार और भ्रष्टाचार खत्म करने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी जगह-जगह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### थाईलैंड के न्यायाधीश ने की आत्महत्या की कोशिश

**बैंकॉक।** थाईलैंड के एक न्यायाधीश ने अपने वरिष्ठों पर फैसलों में दखलअंदाजी करने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या का प्रयास किया। दक्षिणी प्रांत याला में न्यायाधीश खनाकोर्न पियानचाना ने शुक्रवार को पांच अभियुक्तों को आरोपों से बरी करने के बाद अदालत कक्ष में अपने सीने में गोली मार ली, जबकि इन आरोपों के आधार पर कम से कम तीन अभियुक्तों को मौत की सजा हो सकती थी।